

डॉ. एच.आर. नागेन्द्र

Dr. H.R. Nagendra



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

डॉ. एच.आर. नागेन्द्र

विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (बी वाई ए एस ए) के अध्यक्ष तथा स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय (एस–वी वाई ए एस ए) के कुलाधिपति डॉ एच.आर नागेन्द्र संपूर्ण विश्व में योग गुरू के रूप में विख्यात हैं।

2. आपका जन्म दिनांक 1 जनवरी, 1943 को हुआ था और आपने वर्ष 1963 में बेंगलौर विश्वविद्यालय से यांत्रिक इंजिनियरी स्नातक तथा भारतीय विज्ञान संस्थान (आई आई एस सी) बैंगलोर से वर्ष 1965 में एम ई और वर्ष 1968 में यांत्रिक अभियांत्रिकी में पी एच डी की। आपने बाद में भारतीय विज्ञान संस्थान (आई आई एस सी) में मेकेनिकल विभाग में प्राध्यापक वर्ग (फैकल्टी) के रूप में कार्य किया। आप ब्रिटिश विश्वविद्यालय कोलम्बिया, कनाडा में वर्ष 1969 में पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च फैलोय नासा मार्शल स्पेस फ्लाइट सेंटर अमेरिका में वर्ष 1970 में पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च एसोसिएट्स, हार्बड विश्वविद्यालय, अमेरिका में वर्ष 1972 के दौरान इंजीनियरिंग साईंस लेबोट्री में परामर्शदाताय तथा इंपीरियल कॉलेज ऑफ साईंस एंड टेक्नोलोजी, लंदन में अतिथि स्टाफ के रूप में कार्यरत रहे। आपको के आई आई टी, भुवनेश्वर ओडिशा ने डी एस सी (ओनरेरी कौसा) की उपाधि प्रदान की है।

3. डॉ. नगेन्द्र ने वर्ष 1975 में प्रशिक्षण केन्द्र, विवेकानंदपुरम, कन्याकुमारी के मानद निदेशक के रूप में सेवा मिशन विवेकानंद केन्द्र में कार्यभार संभाला। आपने वर्ष 1979–1986 के दौरान विवेकानंद केन्द्र योग चिकित्सा एवं अनुसंधान समिति (वी के योगास) में सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। आप वर्ष 1993–2000 के दौरान इस समिति के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रहे। आपने वर्ष 2002 से विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरू के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, वर्ष 2002–2013 में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय (एस–वी वाई ए एस ए) के उप कुलपति तथा 2013 से कुलपति के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त, आप फिलहाल आई डी वाई (अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस) विशेषज्ञ समिति, कार्यबल, आयुष (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) तथा एस ए सी के अध्यक्ष और सी सी आर वाई एन (केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की शासी परिषद के सदस्य हैं।

4. आपने इंजीनियरिंग में 30, योग से संबंधित 135 शोध पत्र तथा योग संबंधी 45 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। आप योग संबंधी 200 एस एल एम पुस्तकों तथा विश्वविद्यालयों के लिए इनकी व्यवहार्यता के सह लेखक होने के साथ–साथ 32 पी एच डी के विद्यार्थियों के गाइड एवं को–गाइड भी रहे हैं। आपको 100 एकड़ के प्रशांति कुटीरम कैंपस की स्थापना का श्रेय जाता है जिसके अन्दर वी वाई ए एस ए, एसवी ए एस ए विश्वविद्यालय, एस वी वाई पी इत्यादि स्थित हैं

5. योग के क्षेत्र में आपके उत्कृष्ट योगदान के लिए आपको विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा अनेक सम्मानों और पुरस्कारों से नवाजा गया है जिनमें आई एस एम एंड एच, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा पतंजलि पुरस्कार (1997), डॉ. बी के एस अय्यंगर द्वारा योग श्री पुरस्कार तथा वर्ष 1997 के दौरान योग के क्षेत्र में आपके योगदान के लिए भास्कर पुरस्कार, मानवता की सेवा के लिए अमेरिकन बायोग्राफिकल एसोसिएशन द्वारा डिस्टिंगिश्वड लीडरशिप अवार्ड के लिए नामांकन, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा राष्ट्रीय नागरिकता सम्मान 2001, योग शिक्षा तथा योग चिकित्सा के क्षेत्र में आपके योगदान के लिए स्वदेशी विज्ञान आंदोलन, कर्नाटक की ओर से सर एम विश्वेश्वरैया विज्ञान पुरस्कार – 2010, पुर्तगाली योगा परिसंघ द्वारा अन्तरराष्ट्रीय योग महागुरू सम्मान–2013, कन्नड राज्योत्सव सम्मान (संगठन के लिए) – 2010, ब्रिटिश संसद से भारत गौरव पुरस्कार – 2015 तथा वर्ष 2014 में आई आई एस सी एल्युमनी एसोसिएशन की ओर से प्रदत्त डिस्टिंग्विश्ड एल्युमनी पुरस्कार शामिल है।

Dr. H.R. Nagendra

Dr. H.R. Nagendra, President of Vivekananda Yoga Anushandhan Samathana (VYASA) and the Chancellor of Swami Vivekananda Yoga Anusandhana Samsthana University (S-VYASA) University, is widely recognized across the world as Yoga Guru.

2. Born on January 1, 1943, Dr. Nagendra received his Bachelor in Mechanical Engineering from Bangalore University in 1963 and ME and PhD in Mechanical Engineering from Indian Institute of Science (IISc), Bangalore in 1965 and 1968 respectively. He later served as Faculty in Department of Mechanical Engineering at IISc. He was Post –Doctoral Research Fellow in the University of British Columbia, Canada in 1969; Post-Doctoral Research Associate, NASA Marshall Space Flight Centre USA during 1970; Consultant, Engineering Science Laboratory, Harvard University, USA during 1972 and also a Visiting Staff at Imperial College of Science and Technology, London. He has been coveted with DSc (Honorary Causa) from KIIT, Bhubaneswar, Odisha.

3. Dr. Nagendra joined Vivekananda Kendra, a served mission, as Honorary Director of Training Centre, Vivekanandapuram, Kanyakumari in 1975. He served as Secretary, Vivekananda Kendra Yoga Therapy & Research Committee (VK YOGAS) during 1979-1986. He was its all India Vice-President between 1993-2000. He served as the President Vivekananda Yoga Anusandhana Samsthana (VYASA), Bengaluru, since 2000,served as Vice Chancellor Swami Vivekananda Yoga Anusandhana Samathana University (S-VYASA) from 2002-2013 and Chancellor from 2013. Apart from this, Currently he is the Chairman, IDY (International Day of Yoga) Experts Committee, Task force of AYUSH (Ministry of Health & Family Welfare), Chairman of SAC and member of Governing council of CCRYN (Central Council of Research in Yoga and Naturopathy), Ministry of AYUSH, Government of India.

4. Dr Nagendra has published 30 research papers in Engineering, 135 papers on Yoga and published 45 books on Yoga. He is the co-author of about 200 SLM booklets on Yoga and its applications for the University and has been the guide and co-guide for 32 PhD students. He the architect of setting up 100 acres Prashanti Kutiram campus which houses VYASA, S-VASA University, SVYP, etc.

5. Dr. Nagendra is the recipient of many honours and awards from various national and international institutes and organizations such as Patanjali Award (1997) for his contributions in the field of Yoga by ISM&H, Ministry of Health and Family Welfare, Yoga Shree award by Dr. BKS Iyengar, Bhaskar award for the contributions in the field of during 1997, nominated by the American Biographical Association for the Distinguished Leadership award for his service to humanity, National Citizen's Award from UN Human Rights Commission-2001, Sir M Visvesvaraya Science Award for the contributions in the field of Yoga Education and Yoga Therapy from Svadeshi Vijnana Andholan, Karnataka-2010, International Yoga Grand master Award from Portuguese Yoga Confederation-2013, Kannada Rajyothsava Award (for Organization)-2010, Bharat Gaurav award in British Parliament-2015 and Distinguished alumni Award from IISc Alumni association in 2014.